## जमानत आवेदन निरस्त

# स्पा सेंटर की आड़ में नाबालिग से दुष्कर्म, जमानत नहीं

जबलपुर।

विशेष न्यायाधीश निशा गुप्ता की अदालत ने स्पा सेंटर की आड में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित हाथीताल कालोनी, जबलपुर निवासी अमन शर्मा उर्फ आर्यन की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक व आपत्तिकर्ता पीड़ित की मां की ओर से अधिवक्ता रवि सिन्हा ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मदन महल पुलिस ने पांच मार्च, 2024 को आरोपित को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जेल में है। उस पर आरोप है कि उसने पीड़िता व उसकी सहेली को स्पा सेंटर में काम पर रखने के बहाने शोषण किया है। अधिक पैसा कमाने के लिए बाहर जाने दबाव बनाया जाता था। साथ ही स्वयं भी दुष्कर्म किया जाता था। अदालत ने सभी तर्क सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि यह मामला गंभीर प्रकृति का है, अतः जमानत आवेदन निरस्त किया जाता है।



### धर्मांतरण के लिए दुप्रेरित करने पर सजा व जुर्माना

सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने धर्मांतरण के लिए दुप्रेरित करने के आरोपित साउथ सिविल लाइन, जबलपुर निवासी अनूप तिमोथी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 100 रुपये का जुर्माना लगा दिया। अभियोजन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने अपने साथी के साथ मिलकर युवती के साथ मारपीट की। उसे धर्म परिवर्तन के लिए दुप्रेरित किया। पीड़िता मानकुंवर कालेज के सामने एक प्रतिष्ठान संचालित करती है। आरोपित ने अपने साथी के साथ मिलकर व्यापार के बहाने से दोस्ती की। इसके बाद धोखे से मटन के समोसे खिलाने की कोशिश की। यही नहीं वाट्सएप पर अश्लील फोटो सेंड करने लगा। कालेज की लड़कियों के नंबर देने बाध्य करने लगा। ऐस न करने पर दुष्कर्म करने, तेजाब से नहलाने व चाकू मारने की धमकी देने लगा। इसी से तंग आकर मदन महल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### माध्यमिक स्कूल शिक्षकों की भर्ती अलग-अलग चरणों में क्यों की गई: हाईकोर्ट

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि माध्यमिक स्कूल शिक्षकों की भर्ती अलग-अलग चरणों में क्यों की गई। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिए।जबलपुर निवासी आरती सिंह राठौर, रागिनी वर्मा, रवींद्र कौरव, आयुषी जैन सहित करीब 6 सौ शिक्षकों की ओर से हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। दलील दी गई कि अलग-अलग चरणों में भर्ती प्रक्रिया के कारण कम मेरिट वालों को स्कूल शिक्षा विभाग में नियुक्ति मिल गई, जबकि अधिक मेरिट वालों को ट्रायबल वेलफेयर विभाग के स्कूलों में नियुक्ति मिली।याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नियुक्ति के संबंध में दो परिपत्र जारी किए गए हैं, जिनकी वैधानिकता को चुनौती दी गई है। उन्होंने बताया कि पहले 30 मार्च 2022 को एक परिपत्र जारी कर यह कहा गया कि चयनित शिक्षक त्यागपत्र देकर और एक माह का वेतन जमा कराकर विभाग बदल सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत करीब 9 सौ शिक्षकों को लाभ मिला। वहीं करीब 9 माह बाद 11 जनवरी 2023 को एक और परिपत्र जारी कर कहा कि अब अभ्यर्थियों को शाला विकल्प के चयन का अवसर नहीं दिया जाएगा। याचिकाओं में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपनाई गई असंवैधानिक प्रक्रिया को चुनौती दी है।कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को पहले ट्रायबल वेलफेयर डिपार्टमेंट में नियुक्ति दी गई। पहले परिपत्र के आधार पर स्कूल शिक्षा विभाग ने चयन सूची जारी की, लेकिन बाद में यह कहते हुए नियुक्ति नहीं दी गई याचिकाकर्ता पहले से ट्रायबल वेलफेयर विभाग में पदस्थ हैं, इसलिए अब उन्हें शाला विकल्प का अवसर नहीं दिया जा सकता।



# पैंट्रीकार में रेलवे ने की छापामार कार्यवाही

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल में चलती गाड़ियों में यात्रियों को मिलने वाले खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के लिए रेलवे के अधिकारियों ने आज मंडल की चार प्रमुख ट्रेनों में अचानक छापे मार कार्यवाही की इस दौरान अधिकारियों की टीम ने अपने निरीक्षण में यात्री गाड़ियों के रसोई यान में उपलब्ध बनी हुई तथा बनने के पूर्व एकत्रित की गई खाद्य सामग्री की जांच की इस दौरान आलू, कढ़ाई में फ्राई प्याज, तथा उबले अंडे सहित अन्य सब्जियों को अमानक पाते हुए उन्हें उतरकर नष्ट किया गया साथ ही बनी हुई सब्जियों की भी गुणवत्ता की जांच करते हुए यात्रियों से उचित मूल्य से अधिक लेने की भी जांच की गई। सीनियर डीसीएम श्री विश्व रंजन के नेतृत्व में मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री नितेश कुमार सोने एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह, स्टेशन श्री रामजी लाल यादव की टीम ने वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजर तथा आरपीएफ अधिकारियों के साथ आज दोपहर मुंबई से चलकर हावड़ा जाने वाली मुंबई हावड़ा मेल ट्रेन नंबर 12322 के रसोई यान की जबलपुर स्टेशन मे जांच की। इस जांच के दौरान इस पेंट्रीकार में आलू तथा प्याज , उबले हुए अंडे रखे पाए गए जो की काफी समय पुराने लग रहे थे और उनकी स्थिति भी उचित नहीं थी जिसे फैंका गया।

# दूसरे चरण के चुनाव वाली सीटों पर डटे शहर के नेता

**सतना, रीवा, दमोह, होशंगाबाद में किया चुनावी प्रचार**

**जबलपुर।** पहले फेज में जबलपुर लोकसभा सीट का मतदान हो चुका है। जिसके बाद पार्टियों ने जबलपुर के कार्यकर्ताओं और नेताओं की ड्यूटी उन क्षेत्रों में लगा दी है, जहां दूसरे फेज में मतदान होना है। जबलपुर के कांग्रेस और भाजपा के नेता कार्यकर्ता अब सतना, रीवा, होशंगाबाद, खजुराहो, टीकमगढ़ और दमोह में पसीना बहाते नजर आए। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार का आज बुधवार को अंतिम दिन था। शाम 6 बजे के बाद चुनाव प्रचार थम गया। गौरतलब है प्रथम चरण में हुये कम मतदान ने जहां भाजपा को और अलर्ट कर दिया है, तो वहीं कांग्रेस की उम्मीदें जगा दी हैं। जिसके चलते दोनों पार्टियां नये सिरे से रणनीति बनाकर और अधिक ताकत झोंक रही हैं। जिन सीटों पर चुनाव हो चुके हैं, उन सीटों पर सफल चुनाव मैनेजमेंट करने वाले नेताओं को उन जगहों पर भेजा जा रहा है, जहां पार्टियां अपेक्षाकृत कमजोर है। जबलपुर के भाजपा की ओर से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीक, तो वहीं कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना के अलावा दिनेश यादव, सौरभ शर्मा, कदीर सोनी आदि पदाधिकारियों को अलग अलग सीटों की विधानसभाओं में भेजा रहा है। वहीं अलग अलग सीटों के ग्रामीण क्षेत्रों में जबलपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। प्रथम चरण के मतदान के आंकड़ों को कांग्रेस भाजपा दोनों पार्टियों ने गंभीरता से लिया है। उनकी गंभीरता मैदान में बढ़ी उनकी सक्रीयता के रूप में सामने आ रही है। अब यह अतिरिव्त सक्रियता किसे खाते में जुड़ेगी और किसे फायदा देगी यह तो 4 जून को सामने आएगा। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रथम चरण के मतदान के आंकड़ों आने वाले सभी चरण के मतदान पर गहरा असर डाला है।

# सूरज की तपन से तप रहा शहर

### गर्मी से दिन में सड़कों पर निकलना दूभर

**जबलपुर।** उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान ज्यादा उछाल नहीं ले पा रहा है लेकिन सूरज के तीखे तेवरों से शहर जमकर तप रहा है।तेज धूप की वजह से दिन में सड़कों पर निकलना दूभर हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक बादल छंट चुके हैं, पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव भी लगभग समाप्त हो गया है। गर्मी अब अपने तीखे तेवर दिखाएगी। फिलहाल उत्तर व दक्षिण भारत में कुछ स्थानों पर भी बारिश के बाद उत्तरी पश्चिमी हवाएं चलने से रात में गर्मी से राहत है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर व दक्षिणी हिस्सों में हुई हल्की बारिश के बाद नमीं भरी हवाएं आ रही हैं, जिससे तापमान स्थिर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातकाल 53 प्रतिशत और सायंकाल 21 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.41 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6. 33 मिनिट पर हुआ। पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 41.2 डिग्री खरगोन में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की

# अवमानना के प्रकरणों की फाईल समय पर पुटअप हो जायें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों को लेकर अलग-अलग सत्रों में बैठक की गई। जिसमें अवमानना प्रकरणों को लेकर लीगल सेल की बैठक कर कहा कि अवमानना के प्रकरणों की फाईल समय पर पुटअप हो जायें जिससे कम्पलाइंस किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कंटेम्पट प्रकरणों के लिये एक अधिकारी की नियुक्ति करें। एसडीएम व तहसीलदार इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें क्योंकि ज्यादातर प्रकरण राजस्व से संबंधित होते है।कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक के दूसरे सत्र में नर्मदा घाटों के दोनो तट पर तीन सौ मीटर पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण का सर्वेक्षण कराने के निर्देश देकर कहा कि इस दिशा में जल्दी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि नर्मदा घाटो की सुरक्षा के लिये आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने रिकार्ड रूम अपडेशन के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि रिकार्डों को व्यवस्थित रूप से रखने की कार्यवाही तत्काल शुरू करें। जिससे रिकार्ड सुरक्षित रहे। ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें खोजने में असुविधा न हो। रबी उपार्जन के संबंध में कहा कि उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें हैं। जिनका स्लाट बुक है वे किसान अपने साफ-सुथरी उपज को उपार्जन केन्द्रों में लायें। जिला प्रशासन उनकी उपज के शीघ्र भुगतान के लिये प्रयासरत है। बैठक में ई-ऑफिस को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जिससे फाईलों का मूवमेंट आसानी से हो सके। इसके लिये एनआईसी के अधिकारी को निर्देश देकर कहा कि इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक के अगले चरण में फ्लाई ओव्हर के निर्माण में आने वाले अवरोधों को दूर करने के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक कर प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुये जांच दल की रिपोर्ट पर चर्चा की।

# पटाखा फैक्ट्री हादसे रोकने अब तक कोई प्लान नहीं

### उपभोक्ता मंच ने राज्य सरकार से की मांग

जबलपुर।

पटाखा फैक्ट्री हादसों में 6 फरवरी को हरदा में 13 जानें गई, इसके दो माह बाद ही दूसरा हादसा महू में हुआ और 3 जानें गई। लगातार हो रहे इन हादसों को पूर्णतः रोकने हेतु प्रदेश में अभी तक कोई प्लान बनाकर उस क्रियान्वयन नहीं किया गया है। जबकि राज्य विपदा प्रबंधन अथॉरिटी की धारा 22 के तहत ऐसा प्लान बनाने की जिम्मेदारी है तथा धारा 28 के तहत उस पर क्रियान्वयन करना अनिवार्य है। यह जानकारी देकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने राज्य के मुख्य सचिव को ई-मेल भेजकर निर्देश जारी करने का निवेदन किया है। राज्य सरकार धारा 14 के तहत ऐसे निर्देश जारी कर जिम्मेदारी निभायें। मंच ने पत्र में बताया कि वर्तमान में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास प्रदूषण क्षतिपूर्ति फंड में लगभग 17 करोड़ जमा है। इस फंड से महू हादसा पीड़ितों को आर्थिक राशि देने के निर्देश जारी हो। दुःख है कि 16 अप्रैल को हुए इस हादसे में 3 मौतें हुई, फिर भी पीड़ितों को आर्थिक राहत देने के निर्देश अभी तक नहीं हुए हैं।

### एमसीसी का उल्लंघन करने पर प्रो. सतीश दुबे निलंबित

**जबलपुर।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने कलेक्टर नरसिंहपुर के प्रतिवेदन पर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर शासकीय विवेकानंद स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्रोफेसर सतीश दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि श्री दुबे सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाटसएप के माध्यम से किसी पार्टी और उम्मीदवार विशेष का प्रचार-प्रसार किया तथा पोस्ट शेयर किये। जो लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरती है। श्री सतीश दुबे के उपरोक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

# डुमना में प्रधानमंत्री का अल्प प्रवास

जबलपुर।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार की दोपहर अल्प प्रवास पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। यहां कुछ देर रुकने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी हैलीकॉप्टर से सागर के लिए रवाना हो गए, जहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री के आगमन को देखकर डुमना विमानतल पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। जबलपुर शहर के भाजपा नेताओं ने डुमना विमानतल पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। स्थानीय नेताओं से मेल मुलाकात के बाद श्री मोदी सागर के लिए रवाना हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 1:35 बजे जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। वे कुछ देर बाद ही हेलीकाप्टर से सागर के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जबलपुर आगमन को ध्यान में रखते हुए डुमना विमानतल की 15 किलोमीटर की परिधि को 'नो फ्लाई जोन''रेड जोन' घोषित है। इस दौरान आसमान से कोई भी हवाई जहाज सहित अन्य फ्लाइंग उपकरण नहीं गुजर सकेगा। यह आदेश आज सुबह 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

### गौरीघाट के तटों पर जनजागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नर्मदा के तटों पर दीपदान हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक से बने दोने एवं भंडारे हेतु प्रतिबंधित पॉलीथिन से बनी डिस्पोजल सामग्री का उपयोग नहीं करने का आव्हान करने के उद्देश्य से संभाग क्र. 03 वार्ड 8 ग्वारीघाट वार्ड के अंतर्गत आरतीघाट, गौरीघाट, उमाघाट, जिल्हेरीघाट एवं अन्य सभी घाटों के साथ-साथ आस-पास के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें रैली मार्ग एवं नर्मदा तट पर पूजा सामग्री के सभी दुकानदारों, राहगीरों, श्रद्धालुओं, रहवासी क्षेत्रों के आम नागरिकों उनके दूकान एवं घर में जा जाकर माँ नर्मदा में किये जाने वाले दीपदान हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक से बने दोनों एवं भंडारे में उपयोग किये जाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन से बनी सामग्री का उपयोग नहीं करने एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जबलपुर को नंबर 1 बनाने एवं जबलपुर को स्वच्छ बनाये रखने का आव्हान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

# नर्मदा तट पर स्थापित होगी जाबालि ऋषि की मूर्ति

जबलपुर।



जाबालि ऋषि जिनके के नाम के आधार पर जबलपुर को पहचाल मिली उन्हीं ऋषि की मूर्ति नर्मदा के तट पर स्थापित होगी। जाबालि ऋषि की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विश्व में पहली बार हो रही है। यह मूर्ति न्यू भेड़ाघाट रोड स्थित श्री परमहंस आश्रम चन्द्रलोक ग्राम लम्हेटी में 2 मई को स्थापित होगी। जाबलि ऋषि के साथ काशी महाराज चंद्र लोक आश्रम लम्हेटी की मूर्ति भी स्थापित उनके प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर होगी। लम्हेटा घाट के श्री सत्गुरू परम हंस स्वामी जी दोनों मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। ऐसा माना जाता है कि जाबालि ऋषि ने नर्मदा के तट पर तपस्या की थी। यह स्थान त्रिशूल भेद के निकट है और इसे इन्द्र गया के नाम से भी पहचाना जाता है। काशी महाराज श्री भगवान परमहंस आश्रम धारकुंडीय सतना के अनुयायी थे। श्री परमहंस आश्रम चन्द्रलोक ग्राम लम्हेटी नर्मदा परिक्रमावासियों की अनवरत आवास व भोजन व्यवस्था करने के लिए प्रसिद्ध है। 2 मई को प्रातः 8 से संध्या 7 बजे तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में श्री परमहंस आश्रम चन्द्रलोक के समस्त भाविक जन सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित होंगे।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# बीएड डिग्रीधारकों को दी गई नियुक्ति का तुलनात्मक चार्ट पेश क्यों नहीं किया

### सरकार ने हाईकोर्ट से एक माह की मोहलत मांगी

जबलपुर।

हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षक के पद पर बीएड डिग्रीधारकों को दी गई नियुक्ति का तुलनात्मक चार्ट पेश नहीं किया। सरकार ने इसके लिए एक माह की मोहलत मांगी। इस पर ओपन कोर्ट में जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि सरकार यदि कोर्ट को सहयोग नहीं करना चाहती तो कोई बात नहीं, यह कोर्ट याचिकाकर्ताओं को सुनकर अपना फैसला सुनाएगी। इसके बाद महाधिवक्ता द्वारा अपना पक्ष रखा गया। मामले में करीब ढाई घंटे बहस चली। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि प्राथमिक शिक्षक के पद पर जिन बीएड डिग्रीधारकों



को नियुक्ति दी है उनका तुलनात्मक चार्ट पेश करो। दरअसल, सैकड़ों डीएलएड छात्रों की ओर से मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्राथमिक शिक्षक के पद पर बीएड डिग्रीधारकों को नियुक्ति देने को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर 2023 को प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए बीएड डिग्री धारियों को अयोग्य घोषित किया था। इस फैसले के स्पष्टीकरण के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट पुनर्विचार याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर बताया था कि प्राथमिक शिक्षकों की कुल 21962 नियुक्तियों में से 11,583 बीएड अभ्यर्थी हैं। शेष पद डीएलएड उम्मीदवारों से भरे गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रतीक्षा सूची में से 284 बीएड डिग्री वाले अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट को यह भी बताया गया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने एनसीटीई की उस अधिसूचना को असंवैधानिक घोषित कर दिया है, जिसमें प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड डिग्रीधारकों को पात्र माना गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को वैध करार दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण, श्रीमति मीनक्षी अरोरा, रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, मनदीप कालरा ने पैरवी की, वहीं राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा।

## बारहवीं में 3 तो दसवीं में 1 विद्यार्थी शामिल

# जिले की मैरिट सूची में सिहोरा का दबदबा

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

बुधवार को घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी एंव हाई स्कूल की परीक्षा में इस बार नगर उपनगर के किसी भी स्कूल के छात्र या छात्रा ने प्रदेश की मैरिट सूची में तो स्थान नही बनाया लेकिन जबलपुर जिले की मैरिट सूची में बारहवीं से 2 छात्रा 1 छात्र एंव दसवीं से 1 छात्रा ने स्थान बनाकर सिहोरा खितौला का नाम रोशन किया है।

### तान्या राय शालेम स्कूल बारहवीं



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी परीक्षा बारहवीं वर्ष 2024 में सिहोरा नगर के शालेम हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्रा तान्या राय पिता निखिल राय श्रीमती दिप्ती राय ने गणित समुह की जिले की प्रवीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। मानसी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 500 में से 478 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

### मानसी बर्मन मिस्पा मिशन दसवीं



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा दसवीं वर्ष 2024 में सिहोरा नगर के मिस्पा मिशन स्कूल में अध्ययनरत छात्रा मानसी बर्मन पिता रवि कुमार बर्मन श्रीमती गंगा बर्मन ने जिले की प्रवीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। मानसी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 500 में से 483 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। नगर पालिका में कार्यरत रवि बर्मन की सुपुत्री यूपीएससी के माध्यम से प्रशासनिक सेवा करना चाहती है।

### पूर्णिमा मिश्रा शा कन्या शाला बारहवीं



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी परीक्षा बारहवीं वर्ष 2024 में सिहोरा नगर के शा कन्या हा.से. स्कूल में अध्ययनरत छात्रा पुर्णिमा मिश्रा पिता एडवोकेट रमेश मिश्रा श्रीमती उमा मिश्रा ने विज्ञान वायो समुह की जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। पुर्णिमा मिश्रा ने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 500 में से 476 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

### हिमांशु साहू शा लालचंद बारहवीं



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी परीक्षा बारहवीं वर्ष 2024 में सिहोरा नगर के शा. लालचंद हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र हिमांशु साहू पिता स्वर्गीय कमलेश साहू श्रीमती हेमलता साहू ने कला समुह की जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। ने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 500 में से 474 अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।




राज्य आनंद संस्थान की टीम ने नर्मदा नदी के तट पर सफाई कर मनाया मातृभूमि दिवस

# "पेड़ लगाए हर इंसान माँ वसुंधरा देती वरदान"

**जबलपुर।** जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में राज्य आनंद संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभूमि दिवस का आयोजन ग्वारीघाट स्थल पर किया, जिसमें समन्वयक दीप्ति ठाकुर ने बताया कि पृथ्वी दिवस की थीम इस साल प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक है, यानी ग्रह बनाम प्लास्टिक है। इस साल की थीम का मकसद लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्रेरित करना और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रोत्साहित करना है. साथ ही, इसके माध्यम से यह कोशिश की जाएगी कि प्लास्टिक के इस्तेमाल में गिरावट आ सके। आनंद विभाग एवं भारत स्काउट गाइड की सीमा मिश्रा, वंदना वर्मा, प्रतिभा दुबे, सीमा कश्यप, अनीता यादव, सविता खोबरागड़े, मंत्रों इक्का, रागिनी सोनी, गोलू जाट, लिटल फ्लावर स्कूल के डायरेक्टर विशाल वर्मा, वंदना आनंद, दीपक मिश्रा ने मिलकर ग्वारीघाट के तटों पर सफाई कर मातृभूमि के प्रति जागरूकता अभियान चलाया एवं सभी को नारे लगवाकर मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों को सजग कराया।



## किशवर अहमद का सुयश

**जबलपुर।** एमपी बोर्ड 8वीं का रिजल्ट गत 23 अप्रैल 2024 को जारी हुआ। इसमें श्री गुरूनानक गर्ल्स हायर सेकेण्ड्री स्कूल, मढ़ाताल, जबलपुर की कक्षा आठवीं की छात्रा किशवर अहमद ने प्राप्तांक 600 564 प्राप्त कर 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा किशवर नया मोहल्ला, लाल बिल्डिंग, जबलपुर निवासी सईद अहमद एवं श्रीमती कनीज फातिमा की सुपुत्री हैं।



# प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

**जबलपुर।** श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर आधारताल में संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 से बनवाई दास जी महाराज के सानिध्य में 14 अप्रैल से 22 अप्रैल तक श्रीराम महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन हुआ। 23 अप्रैल को प्रातःकाल श्री हनुमान जी महाराज का अभिषेक एवं सहस्त्र अर्चन पूजन किया गया। उसके उपरांत मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पुण्य लाभ अर्जित किया।



# मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे...

**जबलपुर।** हनुमत जनमोत्सव पर सदर बाजार स्थित श्री विचित्रवीर हनुमान मंदिर में एक दिवसीय मारुति महोत्सव सानंद संपन्न हुआ। प्रथम चरण में ब्रह्म मुहुर्त में प्राचीनकाल से ग्राम देवता के नाम से सुविख्यात श्री विचित्रवीर हनुमान जी के श्री विग्रह के समक्ष दीपदान कर वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा षोडशोपचार पूजन किया गया। तत्पश्चात उषाकाल में सिंदूर लेपन व रजत आभूषणों द्वारा पूर्ण श्रृंगार किया गया। प्रातःकाल वर्ष में केवल भक्तों के दर्शनार्थ उपलब्ध श्री श्रीहनुमत यंत्रम का आवरण पूजन एवं आचार्यो द्वारा श्री हनुमत अष्टोत्तर सहस्त्रनामावली का पाठ किया गया। द्वितीय चरण में सायंकाल सुप्रसिद्ध भजन गायक ईशान मिनोचा द्वारा "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल गए हैं..., राम आए हैं... आए हैं..." जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। मानस साधक गोपाल तिवारी ने हनुमान जी की लीलाओं पर प्रकाश डाला। वैभव तिवारी ने हनुमान जी के समर्पण की व्याख्या काव्य के माध्यम से प्रस्तुत की। डॉ. अमिता सक्सेना ने संचालन एवं आभार प्रदर्शन आचार्य अमित शर्मा द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण के साथ मारुति महोत्सव सानंद संपन्न हुआ।

## पुरानी रंजिश पर 3 बदमाशों ने की महिलाओं से मारपीट

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम सुंदरादेही में पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने गालीगलौज कर लाठी व डंडों से दो महिलाओं और एक युवक से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरादेही निवासी 47 वर्षीय रघुवीर सिंह लोधी गत रात लगभग 8 बजे गांव की शादी में था, तभी उसकी बच्ची शशि बाई आई और घर चलने का कहने लगी, वह घर पहुंचा तो बेटी शशि बाई और प्रतीक्षा तथा विजय से गांव का राकेश सिंह लोधी, सत्यम सिंह लोधी और नीलेश लोधी पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर लाठी व डंडों से मारपीट कर दिए, जिससे शशि बाई के माथे में, प्रतीक्षा के गाल में और विजय के सिर व हाथ में चोटें आ गई।

# जनशिक्षा केन्द्र आधारताल के शिक्षक हुए सम्मानित



**जबलपुर।** जागरूक अधिकारी/ कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की आज संगठन के प्रांतीय महामंत्री ज़ियाउर्रहीम के नेतृत्व में गोहलपुर कैंपस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें माध्यमिक शाला हिन्दी गोहलपुर एवं प्राथमिक शाला उर्दु नया मोहल्ला के शिक्षकों की उपस्थिति में शत प्रतिशत पांचवीं व आठवीं कक्षा का परिणाम आने की वजह से श्रीमती स्वाती गड़ेवाल और श्रीमती शबाना परवीन खान के मुख्य आतिथ्य में सभी शिक्षकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर और मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया गया। ध्यान रहे की यह पहला अवसर है कि शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, इकबाल खान, राजेश सहारिया, रऊफ खान, मो. इक़बाल, अनीता जैन, हेमलता मेश्राम, प्रियंका भंडारी, रेखा, मीना तिवारी उपस्थित रहे।

# "संगीतमय रक्तदान शिविर" का समापन



**जबलपुर।** विगत दिवस शहीद स्मारक में एक अनूठा कार्यक्रम "संगीतमय रक्तदान शिविर" का आयोजन समर्पण ग्रुप द्वारा श्रीमती रंजना गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें संगीत से समाज सेवा एवं रक्तदान से मानव सेवा का अनूठा संगम रहा। रक्तदान शिविर के उपरांत शानदार संगीत का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सुनील भागचंदानी वरिष्ठ समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉक्टर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. जयंती श्रीवास्तव, डॉक्टर पुष्पराज पटेल, डॉक्टर संजीव बनर्जी, डॉक्टर अभिजीत बिश्नोई, शेखर तिलवानी, बृजेश गुप्ता एवं श्रीमती ज्योति शर्मा समाज सेविका तथा थैलेसीमिया मुक्त भारत के विकास खंडेलवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# 70 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का मोक्ष ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि लावारिस अज्ञात शव थाना अंतर्गत पुलिस को प्राप्त हुआ जिसका मर्ग पंचनामा कराकर पुलिस ने मोक्ष को सूचना देते हुए मदद मांगी, सूचना पर आशीष ठाकुर मोक्ष समिति के सहयोगियों के द्वारा तिलवारा घाट में बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कराया गया। इस अवसर पर सेवादारी में वीरू बर्मन, प्रशांत श्रीवास, योगेश कोरी उपस्थित रहे।






**श्रीमति साधना दुबे-** सिहोरा, निकटवर्ती ग्रांम पंचायत झांसी निवासी श्रीमति साधना दुबे का 34 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था अंतिम संस्कार ग्रह ग्रांम में किया गया। वे भागचंद दुबे की पत्नी एंव सक्षम दुबे की मां थी।

**श्रीमती विमला बाई राज-** सेठी नगर गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री कालीचरण राज की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई राज (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मेवा लाल डुमार-** हाथीटोल जीसीएफ निवासी श्री मेवा लाल डुमार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लाल बिहारी प्रसाद-** एपीआर कॉलोनी जाग्रति मैदान के पास बिलहरी निवासी श्री लाल बिहारी प्रसाद (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार कायस्थ-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री सुरेश कुमार कायस्थ (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दौलत सिंह मुडिय़ा-** महाराजपुर ज्ञान गंगा स्कूल के पास निवासी श्री दौलत सिंह मुडिय़ा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र शर्मा-** स्लीमनाबाद निवासी श्री सुरेश प्रसाद शर्मा के पुत्र श्री वीरेंद्र शर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती संगीता गुप्ता-** जूड़ी तलैया पुलिस क्वाटर्स फूटाताल निवासी श्री मनीष गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता गुप्ता (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल सूर्यवंशी-** चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री शंकर लाल सूर्यवंशी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बबलू पांडे-** पाठक वार्ड कटनी निवासी श्री शंकर पांडे के पुत्र श्री बबलू पांडे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## परिवार के साथ जा रहे युवकों पर शराबी ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत गढाफाटक जगदीश मंदिर के बाजू से मोड़ में लगुन कार्यक्रम में जा रहे दो युवकों से एक शराबी व उसके अन्य साथियों ने गालीगलौज व मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस घटना में दो युवक घायल हो गए। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढाफाटक निवासी 16 वर्षीय यश अहिरवार गत रात लगभग 10 बजे अपने चाची ज्योति अहिरवार एवं चचेरा भाई प्रिंस अहिरवार, अनीस अहिरवार चारों घर से पड़ाव वाली महाकाली के पास शोभारानी राज के यहां लगुन कार्यक्रम में जा रहे थे, जैसे ही गढाफाटक जगदीश मंदिर के बाजू से मोड़ में पहुंचे तभी भड़पुरा मोहल्ला निवासी साहिल बेन शराब पिए हुआ मिला और यश के साथ गालीगलौज करने लगा, उसने विरोध किया तो साहिल बेन ने अपने दो तीन साथियों को बुला लिया। साहिल और उसके साथियों ने मिलकर प्रिंस और यश के साथ मारपीट कर दी। साहिल ने चाकू से यश की जांघ पर और प्रिंस की दाढ़ी पर हमला कर घायल कर दिया। चाची ज्योति अहिरवार और अनीस अहिरवार ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



डीआरडीओ ने तैयार की जैकेट

# जवान पहनेंगे सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों के लिए डीआरडीओ ने बड़ी सफलता पाई है। डीआरडीओ ने देश में सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह जैकेट बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।

## गोली के 6 शॉट का भी नहीं होता कोई असर

जैकेट का निर्माण

डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, कानपुर द्वारा किया गया है। यह बुलेटप्रूफ जैकेट 7.62 X 54 आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है। डीआरडीओ की टेस्टिंग में पाया गया है कि इस जैकेट पर एक के बाद एक 6 शॉट का कोई असर नहीं होता है। खास बात ये है कि नए बुलेट प्रूफ जैकेट काफी हल्के हैं और इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे पहनने में भी सुरक्षा बलों के जवानों को आसानी रहेगी।





**बुलेट प्रूफ जैकेट किसने तैयार किया**

कुछ समय पहले ही इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ के चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नवीन सामग्री और प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल ने कतर से किए 8 समझौतों पर हस्ताक्षर



**काठमांडू।** नेपाल के दौरे पर कतर के अमीर शेख तामिम बिन हमाद अल थानी और पीएम पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के बीच 8 समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दो दिनों के भ्रमण के दौरान कतर के अमीर बुधवार को स्वदेश लौट चुके हैं। इससे पहले मंगलवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय हितों और राजनयिक संबंधों से संबंधित मामलों पर चर्चा की थी।

### रावी नदी पर भारत का अधिकार नहीं जा सकते कोर्ट: बोला पाक



**इस्लमाबाद।** सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है, कि रावी नदी पर भारत का अधिकार है और हम उसके खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट नहीं जा सकते। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाक को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की जल आक्रामकता के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।

### तटरक्षकों की उच्चस्तरीय बैठक, समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाएंगे भारत और ओमान

*दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे क्षेत्र में समुद्री संरक्षा और सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाया जा सके।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षकों के बीच 5वीं वार्षिक उच्चस्तरीय बैठक नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों देशों के तटरक्षकों ने समुद्री सीमा से परे अवैध गतिविधियों से निपटने के प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने को एक उपलब्धि बताया। दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी मौजूद थे।

- भारत: नेतृत्व महानिदेशक राकेश पाल ने किया
- ओमान के तट रक्षक का नेतृत्व कर्नल अल जाबरी ने किया
- प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों के बीच पेशेवर संबंध होंगे स्थापित
- सहयोगात्मक प्रयासों और सहयोग बढ़ाने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया





### संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

भारत और ओमान के तटरक्षकों की बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्रॉस शिप यात्रा, सी-राइडर कार्यक्रम को लागू करने, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं के बीच पेशेवर संबंध स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आरओ-पीसीजी और इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक की 25 अप्रैल को नई दिल्ली में बैठक होगी।

### समुद्री डकैतों ने बढ़ा दी गंभीर चुनौतियां

समुद्री डकैतों की हाल ही कई घटनाओं ने समुद्री चुनौतियों को गंभीर रूप से बढ़ा दिया है। इन घटनाओं के कारण दूसरे और भी कई देशों की समुद्री सीमा सुरक्षा, व्यापार जैसे विभिन्न क्रियाकलाप प्रभावित होते हैं। ऐसे में भारतीय नौसेना एवं तटरक्षकों की तत्काल कार्रवाईयों ने कई अभियानों के जरिए इन घटनाओं पर काबू पाया किया है।

### आईसीडीआरआई आपदा प्रबंधन का बना वैश्विक मंच



*नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में बुधवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेसिलिएंट डिजास्टर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के मिश्रा ने कहा कि पिछले दशक में हमने जो निवेश किया है, उससे लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इस क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने तीन बड़े रिकमंडेशन की बात रखी।*

### ग्लोबल साउथ की आवाज बनना बहुत महत्वपूर्ण

*उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आवाज बनना सीडीआरआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आईलैंड स्टेट्स को कैसे फाइनेंस मुहैया कराया जाए, तकनीक मुहैया कराई जाए, उस पर कई सारे रिकमंडेशन अपेक्षित है। अगले दो दिनों में भारत मंडपम में जो मंथन होगा उससे नई सिफारिशें निकलकर सामने आएंगी।*

### तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति

# अरबों की डील की खुशी पर पाक को अमेरिका ने दी खुली धमकी





एजेंसी ▶▶ वॉशगटन

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पाक दौरे में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते हुए और एक समझौता ज्ञापन साइन हुआ जिस पर अमेरिका भड़क गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख डिप्टी प्रवक्ता वेदांत पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के साथ समझौते कर पाक प्रतिबंधों को न्योता दे रहा है। अमेरिका ने कहा है कि जो कोई भी ईरान के साथ व्यापारिक समझौतों पर आगे बढ़ने की सोचता है, उसे प्रतिबंधों के खतरे को लेकर भी जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ईरान की स्थिति के कारण प्रतिबंधों से ईरान-पाक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं। अमेरिका ने हाल ही में पाक के मिसाइल प्रोग्राम के लिए टेक्निकल सप्लाई कर रहे बेलारूस की एक कंपनी और चीन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

### ....तो नामोनिशान मिटा देंगे

इजराइल से जारी जंग के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल को खुल कर चेतावनी दी है। इजराइल को चेतावनी देते हुए ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा है कि ईरान की धरती पर किसी भी तरह के हमले से वर्तमान स्थिति में खतरनाक बदलाव आएगा। 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला कर सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह दमिश्क वाली गलती फिर ना करे।

### सहयोग के लिए राजी हुए ईरान-पाक

पाकिस्तान और ईरान आने वाले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते और एक समझौता ज्ञापन साइन किया। समझौते में पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य में सहयोग, नागरिक मामलों में न्यायिक सहायता और सुरक्षा मामले शामिल हैं। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

### अमेरिका का नया कारनामा: 30 फीट तक जाती हैं लपटें

# 'थर्मोनेटर'... ये रोबोडॉग आपके एक इशारे पर उगलता है... आग ही आग

एजेंसी ▶▶ ओहायो

अमेरिका के ओहायो में थ्रोफ्लेम कंपनी ने एक रोबोट कुत्ता बनाया है। नाम है थर्मोनेटर। ये सिर्फ भौंकता, दौड़ता या उछलता-कूदता नहीं है, बल्कि आपके एक इशारे पर यह आग भी उगलता है। यह दुनिया का पहला आग उगलने वाला रोबोडॉग है। यह 30 फीट लंबी आग की लपट फेंकता है। इसका इस्तेमाल आग को रोकने भी कर सकते हैं।



### ऐसे उगलता है आग

*आग कहां फेंकनी है, इसके लिए थर्मोनेटर में लेजर मांउट किया गया है। यानी जहां या जिसे टारगेट बनाना हो, वहां पर लेजर से डॉग को गाइड करो। इसके बाद यह लेजर की दिशा में थर्मोनेटर आग की लपट फेंकने लगता है। यह डॉग खुद ही रोशनी, रेंजिंग और लिडार सिस्टम के जरिए नेविगेट करता है। इसमें लगी लेजर आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती।*

### इसकी खासियत

असल में थ्रोफ्लेम कंपनी अमेरिका की सबसे पुरानी फ्लेम थ्रोअर कंपनी है। यानी वो कंपनी जो ऐसे यंत्र बनाती है, जो जरूरत के मुताबिक आग फेंकने में सक्षम होते हैं। यह ड्रोन को संभालने की प्रसिद्ध तकनीक है।यूक्रेन में इसी तकनीक का इस्तेमाल रूसी सैनिकों, टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर किया गया था।

### लगातार हुए तीन विस्फोट

# मणिपुर में फिर हिंसा: नगालैंड से जोड़ने वाला पुल उड़ाया



एजेंसी ▶▶ कांगपोकपी

मणिपुर में बुधवार की रात में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। ये धमाके मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक पुल को क्षतिग्रस्त करने के इरादे से किए गए थे। ये विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर सापरमीना के पास हुए। यह घटना मतदान से दो दिन पहले हुई।

### इलाके किए सील

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के इलाकों को भी सील कर दिया है और अतिरिक्त पुलों पर जांच चल रही है। इंफाल पश्चिम जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद आईईडी विस्फोट हुआ। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइतीस और निकटवर्ती पहाड़ी स्थित कुकिस के बीच जातीय हिंसा हुई थी।

## एक साथ 10 टारगेट उड़ाएगा ये 'असली ब्रह्मास्त्र'



हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी गिरा देगा

*__मास्को।__ रूसी एयर डिफेंस फोर्सेस को नया हथियार मिसाइल 'एस-500 प्रोमेटे' मिल गया है। ये हथियार दुनिया की सबसे बेहतरनी रक्षा प्रणाली है। रूस इस मिसाइल की 10 बटालियन तैनात करना चाहता है। अगर रूस अपनी सीमाओं पर इसे तैनात कर देता है, तो उसपर किसी भी तरह का हवाई हमला नामुमकिन हो जाएगा। यह किसी भी तरह के हवाई हमले को खत्म कर सकता है। सिस्टम की टारगेट रेंज 600 किमी है। यह 800 किमी दूर से अपने टारगेट को पहचान सकता है। यह मिसाइल प्रणाली एक बार में 10 टारगेट को हिट कर सकती है। इसमें लगी मिसाइलें टारगेट की तरफ 25,200 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से हमला करती है।*

### 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' की 77वें कान्स में होगी स्क्रीनिंग

# 2, 263 फिल्मों में से चुनी गई भारतीय छात्र की बनाई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' को 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक पार्ट है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है।

**महोत्सव 15 से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा**

**'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' महिला की कहानी**

**उद्देश्य: फिल्म के जरिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना**




**बुजुर्ग महिला ने मुर्गा चुराया...**

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' एक बुजुर्ग महिला की कहानी है, जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए एक भविष्यवाणी लागू की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने किया है।

### 23 मई को मिलेगा पुरस्कार

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉट्र्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है। यह कान्स के 'ला सिनेफ' सेक्शन में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म है। जूरी 23 मई को बुनुएल थिएटर में सम्मानित फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक समारोह में ला सिनेफ पुरस्कार सौंपेगी।

### राजौरी हत्याकांड: पुलिस का बड़ा एक्शन

# हिरासत में लिए गए 67 संदिग्ध लश्कर का भी नाम शामिल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों द्वारा एक नागरिक की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए 67 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान कई साक्ष्य प्राप्त हुए और पुलिस ने इस कृत्य को अंजाम देने में शामिल दो आतंकवादियों में से एक की पहचान 'विदेशी आतंकवादी' के रूप में की, जिसका कोड नेम अबू हमजा है। पुलिस ने हमजा पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया।



**कुंडा टॉप गांव में की गई थी हत्या:** थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रजाक (40) की हत्या कर दी गई। रजाक सरकार के समाज कल्याण विभाग में काम करते थे जबकि उनके भाई मोहम्मद ताहिर चौधरी प्रादेशिक सेना में एक सैनिक हैं, जो बाल-बाल बच गए।

## दसवीं, बारहवीं के दोनों के परिणामों में आया सुधार

# बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों ने बचाई जिले की लाज

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम बुधवार को एक साथ घोषित किया गया। इस बार दसवीं 12वीं दोनों में छात्राओं ने बाजी मारी। दसवीं का परीक्षा परिणा 55.97 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 48.91 प्रतिशत था। वहीं 12वीं का परीक्षा परिणाम 71.53 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल 62.81 प्रतिशत था। वहीं राज्य मैरिट सूची में जबलपुर के 10 कक्षा के चार एवं 12 वीं कक्षा के सात छात्र शामिल रहे। इस बार नतीजों में दिलचस्प यह रहा कि महंगे और भारी भरकम फीस वाले स्कूल मैरिट लिस्ट में दूर दूर तक नजर नहीं आए। वहीं शासकीय स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों ने बाजी मारी। सरस्वती हायर सैकेण्डरी स्कूल गंगानगर की अंकिता उरमलिया ने 10 कक्षा में जिले में सबसे अधिक 491 अंक प्राप्त किये। वहीं शासकीय बालिका स्कूल मझगवां की श्रुति दाहिया ने जिले में 12 कक्षा में सबसे अधिक अंक 480 नम्बर हासिल किये।



### दसवीं : जिले के टॉपर...........

अंकिता उरमलिया
सरस्वती उमा विद्यालय गंगानगर
491
ओम चौकसे
पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट स्कूल
488
रिया चौधरी
पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट स्कूल
486
सैजल बर्मन
एमएलबी स्कूल
485

### बारहवीं कक्षा के टॉपर .....

श्रुति दाहिया
शासकीय बालिका स्कूल मझगवां
480 (कला)
जानवी पटैल
नचिकेता स्कूल
488 (गणित)
प्रज्ञा शुक्ला
पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट स्कूल
487 (गणित)
साहिल गुप्ता
यश नर्सरी अधारताल
482 (गणित)



बासुरी अग्रवाल
मिस्पा मिशन स्कूल पाटन
476 (कामर्स)
मोहम्मद वाजिद
सीएम राईज स्कूल मेडिकल
474 (कामर्स)
हर्षिता सोनी
बिन्नी बाई जैन स्कूल पनागर
478 (जीव विज्ञान)
अधारताल के 2 छात्र रहे आगे..
विज्ञान संकाय में जिले की मेरिट में अधारताल स्कूल के 2 छात्र चयनित हुए। आकाश कुशवाहा 480 अंक लेकर टॉप पर रहा, संगीत पुरी गोस्वामी 476 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहा। सभी छात्र,अभिभावक एवं शिक्षक बधाई के पात्र हैं।



# हनुमान जन्मोत्सव पर दीनदयाल प्रखंड ने निकाली शोभायात्रा

**जबलपुर।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रानी दुर्गावती जिला के अंतर्गत हनुमान जन्मोत्सव पर दीनदयाल प्रखंड में शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से निकाली गई एवं विवेकानंद प्रखंड में चुंगी आईटीआई में श्रीराम-जानकी मंदिर में महाआरती और प्रसाद वितरण कर हनुमान प्रखंड के द्वारा 6 जगह हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया एवं फूटाताल हनुमान मंदिर से महाआरती शोभायात्रा निकाली गई जो फूटाताल से गलगला हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, दर्शन चौक, लकडग़ंज बीजासन माता से होते हुए फूटाताल बजरंग बली मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। बिरसा मुंडा प्रखंड में कंचनपुर हनुमान मंदिर में भंडारा एवं महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ, इस बीच जिला मंत्री प्रशांत सोंधिया, जिला संयोजक राहुल बर्मन, टोनी शर्मा, आलोक पटेल, सुनील गुप्ता, आर्यन पांडे, प्रखंड की ओर से सुशील सेन, सौरभ कोरी, कार्तिक पटेल, मोहित बर्मन, हनुमान प्रखंड मंत्री अरविंद सोंधिया व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



## सर्जरी प्रेक्टिकल परीक्षा के पुर्नमूल्यांकन रिजल्ट जल्द घोषित करने की मांग

**जबलपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के 2019 बैच के अंतिम वर्ष की सर्जरी प्रैक्टिकल परीक्षा में 41 छात्रों को फेल करने के प्रैक्टिकल परीक्षा के परिणामों का पुर्नमूल्यांकन तथा जल्द से जल्द रिजल्ट अपडेशन हेतु 10 मार्च 2024, 15 मार्च 2024 तक जनरल सर्जरी विभाग और ऑर्थेपेडिक सर्जरी विभाग द्वारा सर्जरी की अंतिम वर्ष प्रैक्टिकल परीक्षा अयोजित की गई थी। 27 मार्च 2024 को एमपीएमएसयू जबलपुर द्वारा परिणाम घोषित किया गया था जिसमें 41 छात्र (25प्रतिशत) व्यावहारिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए थे। यहां तक कि पिछले वर्षों में स्वर्ण पदक पाने वाले छात्र और सर्जरी की थ्योरी परीक्षा में डिस्टिंक्शन पाने वाले छात्र भी फेल हो गए। जिसके परीक्षा परिणाम के सुधार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा कुलपति के नाम ज्ञापन सोपा गया व शीघ्र समस्या का निराकरण करने की मांग की गई। इस अवसर पर महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर, मेडिवीजन प्रमुख देवांश अवस्थी, जिज्ञासा प्रमुख रोहित पाण्डेय, स्नेही शारदा, शिवांशु पटेल, प्रफुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## भजन गायक अनूप जलोटा ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा



**जबलपुर।** भजन संध्या में अनूप जलोटा ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। यह नजारा रहा पाटन बायपास रोड स्थित विदित सिग्नेचर टाउनशिप स्थित स्वयं सिद्ध श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर का, जहाँ हनुमान जयंती के अवसर पर भजनों के साथ तालियों की गूंज से परिसर भक्तिमय हो उठा। श्री जलोटा द्वारा प्रस्तुति ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन..., रामनाम की गूँज है..., गोविंद बोलो गोपाल बोलो..., श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी..., जैसे भजनों से शहर के लोग मंत्रमुग्ध हो गए । तालियों की गूंज और जयश्रीराम... जय हनुमान के नारों से परिसर का माहौल बेहद मनमोहक दिखा। प्रांगण को फूलों और तोरण से सजाया गया, रात की लाइट की रोशनी में हर किसी ने भजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर निमिष अग्रवाल, इंदौर से ललित अग्रवाल, प्रदीप द्विवेदी, सतना से उमाशंकर अग्रवाल, राकेश गुप्ता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### जन ज्योति आई हॉस्पिटल में यूबीएम स्कैनर लॉन्च

# कांचियाबिंद और ट्यूमर की खोज होगी आसान

**जबलपुर।** अब आँख में कांचियाबिंद, ट्यूमर,चोट का पता लगाना होगा बहुत आसान क्योंकि मध्य भारत की पहली नॉन इनवेसिव बायोमेडिक्स ओफ्थल्मिक अल्ट्रासाउंड स्केनर (यूबीएम) आ गया। गोलबाजार स्थित डॉ पवन स्थापक के जनज्योति आई हॉस्पिटल में यह स्केनर की सुविधा उपलब्ध हो गई है। हॉस्पिटल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.पवन स्थापक ने बताया कि यूबीएम तकनीक के द्वारा अलग-अलग तरह के कांचियाबिंद, आँख के अंदर चोट का असर, आँख के अंदर ट्यूमर, जन्मजात कांचियाबिंद आदि बीमारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी कंप्यूटर के पोर्टल पर अंकित हो जाती है। यह




एक नॉन इनवेसिव डायग्नोस्टिक तकनीक है जिसमे मरीज को सीधा लिटाया जाता है, आँख में इमर्शन पद्धति से एक विशिष्ट ड़िजाइन कप का उपयोग किया जाता है और कुछ ही मिनिटों में मरीज के आँख के अंदर की रचनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो जाती है। राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी और सूचना केंद्र के अनुसार यूबीएम एक उच्च तकनिकी समाधान वाली अल्ट्रासाउंड तकनीक है, इसके द्वारा आँख के अंदर की अत्यंत सूक्ष्मतम संरचना जिसको खुली आँख या अन्य किसी उपकरण से नहीं देखा जा सकता उसका 50 से 100 मेगा हर्ट्ज ट्रांसडय़ूसर के माध्यम से हाई फ्रीक्वेंसी रियल टाइम गतिशील छवि प्राप्त की जाती है। मध्य भारत में इस मशीन की उपलब्धता से न सिर्फ आँख की जटिल बीमारियों के निदान में सहायता मिलेगी बल्कि उन बीमारियों के प्रबंधन में भी यह तकनीक कारगर सिद्ध होगी और इलाज के प्रभाव की निगरानी भी इसके द्वारा की जा सकेगी।

जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल, गोल बाजार में मरीजों के लिए इस अत्याधुनिक मशीन की लॉन्चिंग की गयी। इस अवसर पर डॉ. पवन स्थापक, श्रीमती अनुपमा स्थापक,डॉ. आयुष टंडन, डॉ. अर्पिता स्थापक, डॉ सोनिया टंडन , डॉ. अंकित राठौड़, डॉ. रितेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।



# हाजी सुब्हानल्लाह शाह बाबा का 87वां दो दिवसीय उर्स

### पहले दिन शान से निकला चादर जुलूस

**जबलपुर।** रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के सुब्हान बाग स्थित हजरत हाजी मोहम्मद सुब्हानल्लाह शाह रह.अलैह का 87वां दो दिनी उर्स का आगाज 22 अप्रेल को चादर जुलूस के साथ हुआ। दरबारे सुब्हानिया के सज्जादानसीन बदरुद्दीन गुड्डु बाबा की सरपरस्ती में अकीदत व मोहब्बत के साथ चादर संदल जुलूस निकाला गया। चादर जुलूस में मौलाना जुनून नक्शबंदी, नागपुर से बाबा के खानदान से तशरीफ़ लाये जमील भाई, गब्बू भाई, नसीम भाई, रियाज़ भाई, यार मोहम्मद अंसारी, सुल्तान खान, रफीक पहलवान सहित सैकड़ो अक़ीदतमंद शामिल रहे। मरहूम सलाम साहब, कलाम साहब के मकान चांदनी चौक से चादर संदल चादर जुलूस निकाला गया। मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी, हड्डीगोदाम, पचकुंयाँ होते हुए चादर जुलूस दरगाह शरीफ पहुंचा, जहाँ परम्परानुसार मज़ारे अक़दस पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। रात्रि 10 बजे से महफिलें सिमा का एहतेमाम किया गया जिसमें क़व्वाल ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। 23 अप्रैल मंगलवार को चाँदनी चौक से चादर शरीफ का जुलूस निकला, जो हनुमानताल, घोड़ा नक्कास, धड़गड़ मोहल्ला, यकिनिया चौक, नालबंद मोहल्ला, चारखम्बा, बहोराबाग, ठक्कर ग्राम होता हुआ मज़ारे अक़दस पर पहुंचा, जहां चादर व गुलपोशी की रस्म अदा की गयी। रात्रि 10 बजे हिंदुस्तान के नामबर क़व्वाल ज़ीशान फैज़ान साबरी (दिल्ली) ने अपने मशहूर कलाम पेश किए। उर्स कमेटी के सचिव कलीम खान, शारिक अली (शोनु) नईम शाह आदि ने उर्स में शिरकत करने पर सभी का सुक्रिया अदा किया।



## युवा संस्था द्वारा सिंधी महोत्सव का हुआ आगाज

**जबलपुर।** सिन्धी युवा संस्था, लाल स्कूल गलगला द्वारा सिन्धी महोत्सव 2024 कार्यक्रम का आगाज हुआ, जिसके अन्तर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये, मुख्य रूप से सिन्धी भाषण प्रतियोगिता, सिंधी गीत कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया, विजयी बच्चों को इनाम राशि, सभी को गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये, कार्यक्रम में सिन्धु रत्न सम्मान समारोह के अन्तर्गत समाज के वरिष्ठजन एवं डॉक्टर्स का सम्मान किया गया, कार्यक्रम समापन सिन्धी सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया जिसमे कटनी से पधारे कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मंच का संचालन डॉ. जय रोहाणी द्वारा किया गया, जिसमें हज़ारों की संख्या में संस्कारधानीवासियों ने भगवान झूलेलाल एवं हनुमान जी की स्तुति की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्था के संरक्षक अशोक रोहाणी ने सम्मान पत्र वितरित किये, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अभिलाष पांडेय ने सभी से भेंट कर जय झूलेलाल का उद्घोष किया। कार्यक्रम में हरी रोहाणी, करतार सिंह बठीजा, शमनदास आसवनी, रमेश बालानी, मदन केसवनी, सोनू बचवानी, राजू केमतानी, जितु खेमानी, पाली रोहाणी, छांगामल, श्याम पंजवानी, राहुल रोहाणी, राकेश दासवानी, चेतन पुरूसवानी, आटी कुंदवानी एवं बड़ी संख्या में संस्था के सदस्यगण उपस्थित थे।

## डी.ई.ओ कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति मामले वर्षों से लंबित

### कलेक्टर से की हस्तक्षेप की मांग

**जबलपुर।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया राज्य शासन द्वारा मृत लोक सेवकों के आश्रित परिवार के सदस्यों को यथा शीघ्र अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान है। किन्तु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर में आज भी बडी संख्या में शिक्षकों, अध्यापक संवर्ग, एवं लिपिक सवंर्ग एवं भृत्य सवंर्ग के मृत लोक सेवकों के आश्रित परिवार के सदस्यों अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण वर्षों से अनावश्यक ही लंबित रखे गये हैं। अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदन पूर्ण होने के बाद भी अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी नहीं किये जा रहें है। प्रकरण पूर्ण होने के बाद भी प्रकरण लंबित रखा जाना कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करता है। मृत लोक सेवकों का आश्रित परिवार कार्यालय की लचर व्यवस्था के चलते आर्थिक तंगी से गुजरने मजबूर हैं। सर्वाधिक विपत्ती उन आश्रित परिवारों को है जिन्हें पेंशन एवं ग्रेज्युटी के पात्रता नहीं है, वह आश्रित परिवार अनुकम्पा नियुक्ति पर ही निर्भर हैं। संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डे, वीरेन्द्र चन्देल, एस.पी. वाथरे, चूरामन गुर्जर, सतीश देशमुख आदि ने जिले के कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि शिक्षा विभाग में लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए आश्रित परिवारों को राहत दी जाये।

# कृषि विवि की बीटेक की छात्रा पायल ग्वालवंशी का यूपीएससी में चयन

**जबलपुर।**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर 2019 में बी.टेक.से शिक्षित छात्रा सुश्री पायल ग्वालवंशी ने संघीय सेवा परीक्षा, यूपीएससी उत्तीर्ण कर अखिल भारतीय स्तर पर 913 वॉ स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करने पर जनेकृविवि के कुलगुरू डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने पायल ग्वालवंशी को बधाईयां प्रेषित करते हुये कहा कि कृषि शिक्षा के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के समग्र विकास व शिक्षकों की




प्रेरणा के परिणाम स्वरूप पायल को यह शानदार उपलब्धि मिली है। इससे कृषि शिक्षा प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों के लिये प्रेरणा एवं भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रशस्थ करने में दिशा मिलेगी। गौरतलब है कि पायल बालाघाट जिले के तिरोड़ी निवासी, श्रीमति मीरा एवं मानेश्वर ग्वालवंशी की पुत्री हैं, जो खदान में कार्य करते है। स्नातक शिक्षा पूर्ण कर पायल कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर भी चयनित हैं। इस मौके पर पायल ने बताया कि वह अपनी लगन, कठोर परिश्रम एवं सतत 4 वर्षों के प्रयास से यह मुकाम हासिल किया है। छात्रा पायल ने कहा कि इसका श्रेय अपने माता-पिता, जनेकृविवि के गुरूजनों और दोस्तो, परिजनों को देना चाहूंगी, सभी ने बहुत सहयोग किया है। युवाओं को संदेश देना चाहती हूं कि मेहनत करे आगे आए, सफलता जरूर मिलेगी।

**CHANGE OF NAME**

I, THAKARE ASHWINI (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. 15697369W RANK HAV NAME THAKARE PRAVIN AMRUTRAO presently residing at VILL-ADITYA VIHAR PART-2, PO-JUNA DHAMANGAON, TEH- DHAMANGAON, DIST-AMRAVATI (MAHARASHTRA)-444709 I have change of my name from THAKARE ASHWINI (name as per my Husband army service record) to ASHWINI PRAVIN THAKARE (name as per my ADHAAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 24/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
ASHWINI PRAVIN THAKARE
INCORRECT NAME
THAKARE ASHWINI

**CHANGE OF NAME**

I, VARGHESE P Y is real/legally FATHER OF ARMY NO.15823268X Rank- HAV Name- VINNY VARGHESE, presently residing at VILL-NOORANAD, PO AYIRANIKUDY, TEH-MAVELIKKARA, DIST- ALAPPUZHA, STATE KERALA, PIN 690558 I have change of my name from VARGHESE P Y (name as per my SON, ARMY NO.15823268X Rank- HAV Name- VINNY VARGHESE army service record) to OUTHAKUTTY VARGHESE YOHANNAN (name as per my ADHAAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 24/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
OUTHAKUTTY VARGHESE YOHANNAN
INCORRECT NAME-VARGHESE P Y

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15697369W RANK HAV NAME THAKARE PRAVIN AMRUTRAO S/O AMRUTRAO YESHWANTRAO THAKARE UNIT HQ 1 STC, JABALPUR (MP) I have change name of my DAUGHTER from SAUMYA (name as per my army service record) to SAUMYA PRAVIN THAKARE (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 4658 6843 9383 vide affidavit dated 24/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SAUMYA PRAVIN THAKARE
INCORRECT NAME-SAUMYA

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मैना बाई (MAINA BAI) सर्वसाधारण को सूचित करती हू मेरे सभी शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मैना बाई (MAINA BAI) है जो कि सही है। परंतु मेरे आधार कार्ड में लिपिक त्रुटिवश मीना बाई (MINA BAI) दर्ज हो गया, जो कि गलत है। इस विज्ञप्ति के बाद मुझे मैना बाई (MAINA BAI) के नाम से ही जाना पहचाना और पुकारा जाये।
पुराना नाम-मीना बाई (MINA BAI)
नया नाम-मैनाबाई (MAINA BAI)
पति स्व. श्री वामन निवासी- प्लाट नं. 204 जयभीम नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट जबलपुर म.प्र

**आम सूचना**

नोटिस अजतरफ :-दिलीप कुमार मिश्रा
पिता श्री नित्यानंद मिश्रा, उम्र 48 वर्ष, निवासी-ग्राम बरेहीं, थाना व तहसील रायपुर कर्चुलियान, जिला रीवा म.प्र.
द्वारा अभिभाषक :- मानवेन्द्र द्विवेदी
कार्यालय ओल्ड चैम्बर नंबर - 69, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला रीवा म.प्र.
.........नोटिसदाता/प्रथमपक्ष
विरूद्ध
राहुल पटेल पिता
श्री नरोत्तम पटेल, उम्र 36 वर्ष, पेशा व्यापार, निवासी मकान नंबर-399, पाटीदार भवन के पास, मदन महल, जिला जबलपुर म.प्र. प्रोपाइटर : रेवांचल लवजरियम फर्नीचर, मैनुफैक्चरिंग कंपनी
........नोटिसग्रहीता/द्वितीयपक्ष
नोटिस / मांगपत्र अंतर्गत धारा 138 (ख) परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 ई. म्यादि 15 दिवस
यह कि द्वितीयपक्ष एवं प्रथमपक्ष के बीच जान-पहचान होने के कारण आप द्वितीयपक्ष एवं प्रथमपक्ष के मध्य मित्रवत एवं मधुर संबंध थे। आप द्वितीयपक्ष ने मेरे मुवक्किल के बीच से जान-पहचान होने के कारण 5,00,000/-रुपए ( पाँच लाख रुपए) बतौर उधार लिये थे तथा एक माह में वापस करने का वादा किया था । एक माह से ज्यादा समय व्यतीत हो जाने पर जब मेरा मुवक्किल प्रथमपक्ष, आप द्वितीयपक्ष से अपने उधार दिये हुये पैसों की माँग की तब आप द्वितीयपक्ष ने मेरे मुवक्किल प्रथमपक्ष को चेक क्रमांक-372326 दिनांकित 15/03/2024 मालियती 5,00,000/-रुपए (पाँच लाख रुपए) जो यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बैंक शाखा गोडहर रोड़ रीवा म.प्र. का दिया व कहा कि प्रथमपक्ष उक्त चेक के माध्यम से अपना रूपया का भुगतान प्राप्त कर लें। तब प्रथमपक्ष द्वारा द्वितीयपक्ष से प्राप्त चेक को अपने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रीवा जिला रीवा म.प्र. में समाशोधन हेतु उक्त बैंक को प्रस्तुत किया जो दिनांक 18/03/2024 को स्टॉप पेमेण्ट की टीप के साथ अनादरित कर दिया गया, तब नोटिसदाता/प्रथमपक्ष ने द्वितीयपक्ष से संपर्क करना चाहा लेकिन आप द्वितीयस्थ, प्रथमपक्ष से जानबूझकर संपर्क करने से बच रहे हैं। आप द्वितीयपक्ष को इस विधिक सूचना के माध्यम से आगाह किया जाता है कि इस विधि सूचना की प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार को अपने ऋण संबंधी दायित्व की पूर्ति हेतु दिये गये चेक क्रमांक- 372326 15/03/2024 मालियती 5,00,000/- रुपये (पाँच लाख रुपये) जो कि यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा गोडहर रोड़ रीवा जिला रीवा म.प्र. की संपूर्ण रकम भुगतान कर रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा मेरा पक्षकार प्रथमपक्ष आप द्वितीयपक्ष के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करेगा जिसके समस्त हर्जे-खर्च व नुकसान की जिम्मेदारी आप द्वितीयपक्ष की होगी।
दिनांक-..../04/2024
भवदीय
मानवेन्द्र द्विवेदी एड.
कार्यालय :- ओल्ड चैम्बर नंबर-69, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला रीवा म.प्र.

**आम सूचना**

नोटिस अजतरफ :-विजयंत द्विवेदी
पिता श्री शिवानन्द द्विवेदी, उम्र 38 वर्ष, पेशा व्यापार, वर्तमान पता इंदिरा नगर, तहसील हुजूर, थाना समान, जिला रीवा म.प्र.
द्वारा अभिभाषक :- मानवेन्द्र द्विवेदी
कार्यालय ओल्ड चैम्बर नंबर - 69, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला रीवा म.प्र.
.........नोटिसदाता/प्रथमपक्ष
विरूद्ध
राहुल पटेल पिता
श्री नरोत्तम पटेल, उम्र 36 वर्ष, पेशा व्यापार, निवासी मकान नंबर-399, पाटीदार भवन के पास, मदन महल, जिला जबलपुर म.प्र. प्रोपाइटर : रेवांचल लवजरियम फर्नीचर, मैनुफैक्चरिंग कंपनी
........नोटिसग्रहीता/द्वितीयपक्ष
नोटिस / मांगपत्र अंतर्गत धारा 138 (ख) परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 ई. म्यादि 15 दिवस
यह कि द्वितीयपक्ष एवं प्रथमपक्ष के बीच जान-पहचान होने के कारण आप द्वितीयपक्ष एवं प्रथमपक्ष के मध्य मित्रवत एवं मधुर संबंध थे। आप द्वितीयपक्ष ने मेरे मुवक्किल के बीच से जान-पहचान होने के कारण 14,00,000/-रुपए (चौदह लाख रुपए) बतौर उधार लिये थे तथा एक माह में वापस करने का वादा किया था । एक माह से ज्यादा समय व्यतीत हो जाने पर जब मेरा मुवक्किल प्रथमपक्ष, आप द्वितीयपक्ष से अपने उधार दिये हुये पैसों की माँग की तब आप द्वितीयपक्ष ने मेरे मुवक्किल समपक्ष को चेक क्रमांक-372327 दिनांकित 24/02/2024 मालियती 14,00,000/- रुपए (चौदह लाख रुपए) जो यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बैंक शाखा गोडहर रोड़ रीवा म.प्र. का दिया व कहा कि प्रथमपक्ष उक्त चेक के माध्यम से अपना रूपया का भुगतान प्राप्त कर लें। तब प्रथमपक्ष द्वारा द्वितीयपक्ष से प्राप्त चेक को अपने बैंक ऑफ बडौदा शाखा रीवा जिला रीवा म.प्र. में समाशोधन हेतु उक्त चेक को प्रस्तुत किया जो दिनांक 28/02/2024 को स्टॉप पेमेण्ट की टीप के साथ अनादरित कर दिया गया, तब नोटिसदाता / प्रथमपक्ष ने द्वितीयपक्ष से संपर्क करना चाहा लेकिन आप द्वितीयपक्ष, प्रथमपक्ष से जानबूझकर संपर्क करने से बच रहे हैं। आप द्वितीयपक्ष को इस विधिक सूचना के माध्यम से आगाह किया जाता है कि इस विधि सूचना की प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार को अपने ऋण संबंधी दायित्व की पूर्ति हेतु दिये गये चेक क्रमांक - 372327 दिनांक 24/02/2024 मालियती 14,00,000/-रुपए (चौदह लाख रुपए) जो कि यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा गोडहर रोड़ रीवा जिला रीवा म.प्र. की संपूर्ण रकम का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा मेरा पक्षकार प्रथमपक्ष आप द्वितीयपक्ष के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्च व नुकसान की जिम्मेदारी आप द्वितीयपक्ष की होगी।
दिनांक-..../04/2024
भवदीय
मानवेन्द्र द्विवेदी एड.
कार्यालय :- ओल्ड चैम्बर नंबर-69, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला रीवा म.प्र.